तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 10 मई 2025


[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित



## खबर संक्षेप

### गुपचुप विक्रेता का पुत्र लापता, थाने में शिकायत



**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत ग्राम कचहरीपारा निवासी गुपचुप का ठेला लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यक्ति ने अपने पुत्र के लापता होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। फिलहाल सिटी कोतवाली पुलिस कोई भी जानकारी नाबालिग युवक नहीं लगा सकी है। मिली जानकारी के अनुसार कचहरीपारा निवासी राजेन्द्र गुप्ता ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 7 मई को सभी लोग गुपचुप का दुकान चलाने गए थे, घर पर बड़ा बेटा सत्यम कुमार गुप्ता अकेले था। हम लोग जब वापस आए तो लड़का लापता रहा।

### सकरा में विधिक साक्षरता शिविर

**अनूपपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत जमुड़ी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सकरा में नालसा की योजना-तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 एवं योजना-मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर विनोद कुमार वर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, डॉ. पूजा सिंह, सचिव ग्राम पंचायत सकरा नरेश पटेल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसेल विकास शुक्ला, उप सरपंच सईयाद अली सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर में 12 यूनिट रक्त संग्रहण

**अनूपपुर।** रक्तदान से जरूरतमंद मरीज को समय पर रक्त मिलने से उसे नया जीवन मिलता है, इसलिए रक्तदान को महादान कहा गया है। सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए, जिससे जरूरतमंद को समय पर आवश्यकता पड़ने पर रक्त की पूर्ति में मदद मिलेगी। उक्ताशय के विचार कलेक्टर हर्षल पंचोली ने भारतीय रेडक्रास दिवस 8 मई के अवसर पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके वर्मा, सिविल सर्जन श्रीमती डॉ. एसबी अवधिया, रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ. जनक सारीवान, डॉ.एससी राय सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, पत्रकार तथा नागरिक उपस्थित रहे।

### अवैध बिजली कनेक्शन बना हादसे का कारण

# लोहारी में करंट से बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले ग्राम लोहारी में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में 7 वर्षीय बालक अजय साहू की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक विजय साहू का पुत्र था।

घटना उस समय हुई जब अजय खेलते-खेलते एक खुले तार के संपर्क में आ गया, जो अवैध रूप से खींची गई बिजली लाइन से जुड़ा था। परिजन ने बच्चे को तत्काल जिला अस्पताल बैकुंठपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। परिजन और ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव में कई लोगों द्वारा बिना अनुमति के अवैध बिजली कनेक्शन लिए गए हैं, जिनकी वजह से यह हादसा हुआ। मृतक के पिता विजय साहू ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग और प्रशासन की लापरवाही के चलते इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं।



खेत में लगाया गया खुला तार।

यदि समय रहते इन अवैध कनेक्शनों पर अंकुश लगाया गया होता, तो शायद यह मासूम बच सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की मांग की है।

### पिता ने कार्रवाई की मांग की

इस दुःखद घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। मृतक के पिता विजय साहू का कहना है कि मेरा बेटा तो चला गया, लेकिन किसी और के साथ ऐसी घटना कभी नहीं हो। इस लिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### ये हैं ग्रामीणों की मांग

- गांव में संचालित सभी अवैध बिजली कनेक्शनों की जांच हो
- विद्युत विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए
- भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम हेतु सुरक्षा उपाय लागू हों

### दोपहर बाद जमकर बारिश, मौसम का बदला मिजाज

**सोनहत।** क्षेत्र में इन दिनों दोपहर बाद गरज-चमक के साथ तेज बारिश, आंधी और तूफान आम बात हो गई है। खंड स्तर पर मौसम में आए इस बदलाव को लेकर लोग हैरान हैं और मई महीने की भीषण गर्मी के बीच रोजाना दोपहर बाद होने वाली बारिश को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। प्रत्येक दिन सुबह से लेकर दोपहर 12 बजे तक तेज धूप रहती है, इसके बाद लगभग 1 से 3 बजे के बीच बादल छा जाते हैं और फिर बारिश का सिलसिला शुरू हो जाता है। यह मौसम का एक नया पैटर्न बनता दिखाई दे रहा है। स्थानीय ग्रामवासियों और किसानों का कहना है कि गर्मी के सीजन में इस प्रकार की नियमित वर्षा आगामी कृषि सत्र के लिए शुभ संकेत हो सकती है, लेकिन कुछ किसान इसे खंडवृष्टि का संकेत भी मान रहे हैं, जिससे फसलों पर प्रभाव पड़ सकता है।





# पण्डो छात्र रामदेव के घर पहुंची कलेक्टर

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय से दूर एक छोटे से गांव जामपानी में रहने वाले विशेष पिछड़ी पंडो जनजाति के छात्र रामदेव ने अपने परिश्रम और लगन से छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में 84.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार, समाज और जिले का नाम रोशन किया है।

- 10वीं में हासिल किए 84.16 प्रतिशत अंक

छात्र रामदेव का सपना एक दिन पुलिस अधिकारी बनकर समाज की सेवा करना है। उनके पिता कृषक हैं और मां आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद रामदेव ने सुबह-शाम 4-4 घंटे पढ़ाई कर यह सफलता हासिल की। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी स्वयं रामदेव के घर पहुंची और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रामदेव ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और संकल्प ⏭ शेष पेज 4 पर

# लड़की के जन्म पर पति ने पत्नी को पीटा

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के खड़गवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कदरेंवा निवासी श्रीमती सुनीता के साथ घरेलू हिंसा का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने बताया कि कुछ दिन पूर्व जिला अस्पताल बैकुंठपुर में बड़े ऑपरेशन के बाद उसने जुड़वा बच्चियों को जन्म दिया था, जिनमें से एक बच्ची की मृत्यु हो गई।

अस्पताल से छुट्टी के बाद वह अपने घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रही थी। बीते 6 मई की शाम करीब 6 बजे पीड़िता का भाई उससे मिलने घर आया था। इसी दौरान पीड़िता के पति कृपाशंकर पाण्डेय ने बच्ची पैदा होने को लेकर पत्नी को अपमानित किया और जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौज करने लगा।

- शिकायत पर खड़गवां थाने में मामला दर्ज

विरोध करने पर कृपाशंकर ने सुनीता के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उसकी नाक, पीठ और कमर में गंभीर चोटें आईं। जब पीड़िता के भाई शाहिल ने इसका विरोध किया, तो कृपाशंकर ने घर में रखे डंडे से उसके सिर व बाएं पैर पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है और आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। घटना ने स्थानीय समुदाय को झकझोर दिया है और महिला संगठनों ने भी इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

मामले में खड़गवां पुलिस ने बीएनएस 115 (2), 296, 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पीएम आवास स्वीकृति के लिए राशि की मांग

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खाड़ा के ग्राम हरिजनपारा निवासी शिवमुनि सोनवानी पिता मोहन सोनवानी ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौपकर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति के नाम पर रोजगार सहायक द्वारा राशि की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व पीएम आवास स्वीकृति के लिए आवेदन दिया गया था, जिसके बाद जांच पड़ताल कर आवेदन को पात्र करते हुए पीएम आवास योजना की सूची में शामिल किया गया, इसके बाद भी रोजगार सहायक द्वारा घुमाया जा रहा है और राशि की मांग की जा रही है। संबंधित मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाने की मांग की है।

# पीएम आवास योजना की प्रगति को लेकर किया निरीक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम के मार्गदर्शन में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायक द्वारा विगत 7 एवं 8 मई को ग्राम पंचायत उजियारपुर, सोनवर्षा सेमरा, सरभोका, मनवारी एवं केल्हारी का दौरा किया गया।

इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों से सीधे मुलाकात की गई तथा आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने अप्रारंभ, प्रगतिरत एवं पूर्ण आवासों का स्थलीय निरीक्षण कर हितग्राहियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हितग्राहियों को आवास कार्य में तेजी लाने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें समय-सीमा के भीतर निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, वर्तमान में संचालित आवास प्लस 2.0 सर्वे के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में चल रहे सर्वे कार्य की भी समीक्षा की गई।



# सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मी के मकान पर कब्जा

**चिरमिरी।** एमसीबी जिले के चिरमिरी थाना अंतर्गत कोरिया कॉलरी स्थित 64 नंबर दफाई में निवासरत एसईसीएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी तिलकधारी के मकान पर राजेश तिवारी उर्फ चुटूल द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा करने और घर के कीमती सामान चोरी करने का मामला सामने आया है।

चिरमिरी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल 2023 को जब तिलकधारी अपने ग्राम धरतीपारा जिला सूरजपुर में थे, तभी आरोपी राजेश ने उनके अनुपस्थित रहने पर कोरिया कॉलरी स्थित उनके घर का ताला तोड़कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। घर में रखे सामान को धरतीपारा भिजवा दिया गया। जब तिलकधारी ने विरोध किया, तो सामान वापस तो कर दिया गया, लेकिन बाद में उन्होंने देखा कि एक सोने व एक चांदी का लॉकेट, टुल्लू पंप, एक सिंटेक्स की टंकी तथा एलबेस्टस की सीट (3 नग) गायब हैं। शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर तिलकधारी ने 5 मार्च 2025 को पुलिस अधीक्षक जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच में पुलिस को आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त हुए, जिसके आधार पर धारा 457 एवं 380 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। तिलकधारी ने आरोप लगाया है कि राजेश द्वारा लगातार उनके निवास पर कब्जा बनाए रखा गया है, जिससे उन्हें रहने में कठिनाई हो रही है।

- आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

### 6 वीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 10 को

**बैकुण्ठपुर।** आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 2 मार्च आयोजित किया गया। परीक्षा परिणाम के आधार पर काउंसलिंग के लिए चयनित विद्यार्थी से सम्मिलित विद्यार्थियों का काउंसलिंग 10 मई को किया जाएगा। जारी मैरिट सूची के आधार पर विद्यालय आवंटन के लिए विद्यार्थियों की काउंसलिंग 10 मई को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनहत में आयोजित की गई है। शेष विकासखंड खड़गवां के विद्यार्थियों का काउंसलिंग सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मनेन्द्रगढ़ एमसीबी जिले के द्वारा किया जाएगा।

# चिरमिरी में मवेशी चोरी का प्रयास नाकाम, दो आरोपी पकड़े गए

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के चिरमिरी थानांतर्गत वार्ड क्रमांक 21 बंगला दफाई छोटा बाजार निवासी उमाशंकर के मवेशियों को चोरी करने की कोशिश दो अज्ञात युवकों द्वारा की गई, जिन्हें पीड़ित और स्थानीय युवकों ने पिकअप वाहन सहित रंगे हाथ पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार 6 मई की रात लगभग 12:10 बजे उमाशंकर को मोबाइल के माध्यम से सूचना मिली कि गांधी ग्राउंड गौठान के पास से कुछ लोग उनके एक गाय और एक बैल को पिकअप वाहन एमपी 65 जीए 24781 में बांधकर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलते ही उमाशंकर अपने साथी अनमोल के साथ मौके पर पहुंचे और देखा कि चार व्यक्ति उनके मवेशियों को जबरन वाहन में चढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। पीड़ितों के पहुंचते ही दो आरोपी भाग निकले, लेकिन दो को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम सुरेश कुमार सोनवानी और सतीष कुमार (निवासी ग्राम कदरेवा) बताया। घटना की जानकारी अनमोल और दिपांशु नामक स्थानीय युवकों को भी है। उमाशंकर ने इस संबंध में थाना चिरमिरी में लिखित शिकायत दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और फरार अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है।

### एसबीआई ने दुर्घटना में मृत्यु के बाद पुत्र को सौंपा चेक

# रेलवे कर्मचारी के आश्रितों को मिला 1 करोड़ का बीमा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय स्टेट बैंक बैकुंठपुर शाखा ने शुक्रवार को रेल दुर्घटना में दिवंगत रेलवे कर्मचारी स्व. प्रताप सिंह के परिवार को 1 करोड़ रूपए की बीमा राशि प्रदान की। यह राशि उनके पुत्र श्रीराम सिंह को क्षेत्रीय प्रबंधक अबिनाश पाणिग्रही द्वारा सौंपा गया।

जानकारी के अनुसार स्व. प्रताप सिंह रेलवे में कार्यरत थे और 24 दिसंबर 2024 को ड्यूटी के दौरान ट्रेन दुर्घटना में उनका दुखद निधन हो गया था। उनका सैलरी खाता भारतीय स्टेट बैंक बैकुंठपुर शाखा में रेलवे सैलरी पैकेज के अंतर्गत संचालित था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बैंक के मुख्य प्रबंधक रामजी सोनी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्त आवश्यक दस्तावेजों को संकलित कर बीमा क्लेम प्रक्रिया प्रारंभ की। बैंक की तत्परता और लगातार संपर्क के चलते क्लेम शीघ्रता से स्वीकृत हो गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक श्री पाणिग्रही ने कहा कि यह बीमा राशि शोक संतप्त परिवार के लिए आर्थिक संबल का कार्य करेगी। एसबीआई अपने सैलरी खाता धारकों को कई प्रकार की बीमा एवं अन्य लाभ स्वतः प्रदान करता है, जिसमें कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता। उन्होंने सभी केन्द्रीय, राज्य, रेलवे, पुलिस, सेना, कोल इंडिया, एसईसीएल आदि विभागों के कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपना सैलरी खाता एसबीआई में संचालित करें ताकि वे इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें।




बीमा राशि का चेक सौंपते बैंक मैनेजर।

कार्यक्रम में रेलवे संघ के पदाधिकारी किशुन राम यादव, शिक्षा विभाग के श्री वाजपेयी, बैंक के अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में मुख्य प्रबंधक रामजी सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा रेलवे संघ के पदाधिकारी श्री यादव के विशेष सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।



## खबर संक्षेप

### राखड़ लोड ट्राला पलटा कोई हताहत नहीं

**बिश्रामपुर।** बीती रात राखड़ परिवहन में लगी एक राखड़ लोड ट्राला वाहन सीजी 10 बीपी 5024 बिश्रामपुर रेहर गायत्री मुख्य पर डेडरी गांव में अनियंत्रित होकर पलट गई है।घटना बुधवार देर रात की बताई गई है।बताया जाता है कि वर्तमान में पिछले छह आठ माह से राज्य के अलग अलग पॉवर प्लांट से राखड़ परिवहन का कार्य बिश्रामपुर तक हो रहा है।उक्त राखड़ को क्षेत्र के खुली खदानों में डंप किया जा रहा है।इस कार्य में सैकड़ों ट्राला वाहन दिन रात अलग अलग मार्गो से आवाजाही कर रही है।आरोप है कि क्षमता से अधिक ओवरलोड वाहनों को सहित सड़क परिवहन विभाग के नियमों के विपरीत तेज गति से मुख्य सड़क से राखड़ का परिवहन कराया जा रहा है जिससे आमजनो के लिए मुसीबत बनी हुई है।सबसे मुख्य बात यह है कि राख डंप करने के बाद ये वाहन मुख्य सड़क से बिना तिरपाल ढके राख उड़ाते हुए मुख्य बाजार से तेजी से पार होती हैं जिससे यात्री व व्यवसाई हवा में राख उड़ने से असहज महसूस करते है।

### उर्स में दिल्ली, मुंबई के कव्वालों के बीच होगा मुकाबला

**अंबिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया में होने वाले सालाना उर्स को लेकर तैयारियां जोरों से जारी है। तीन दिवसीय उर्स के दौरान दिल्ली, मुंबई और यूपी के कव्वालों के बीच कव्वाली का मुकाबला होगा। इस सम्बन्ध में अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि सद्भावना ग्राम तकिया में 20, 21 और 22 मई को हजरत बाबा मुरादशाह, हजरत बाबा मोहब्बत शाह का सालाना उर्स आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 20 मई को सदर रोड स्थित जामा मस्जिद से संदल चादर के साथ जुलूस निकाला जाएगा जो शहर भ्रमण करते हुए सद्भावना ग्राम तकिया पहुंचेगा। जुलूस के बाद मजार में चादर पोशी की जाएगी। इसके साथ ही 21 और 22 मई को कव्वाली का मुकाबला होगा। इस बार उर्स में 21 मई को उत्तर प्रदेश के कव्वाल शाकिब शाबरी और दिल्ली की कव्वाला जारा वारशी के बीच मुकाबला होगा जबकि 22 मई को मुम्बई के कव्वाल हामिद हुसैन और दिल्ली की कव्वाला जारा वारशी के बीच कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा।

### मेंटेनेंस में लाखों खर्च फिर भी नहीं मिल रही बिजली

**सारंगढ़।** सारंगढ़ जिले मे उमस भरी गर्मी से जहां लोग परेशान है, वहीं दूसरी ओर बिजली की बार बार ट्रिपिंग के कारण बिजली के उपकरण भी खराब हो रहे हैं। बिजली कंपनी ने वृक्षों की टहनियों में काट छांट कर प्री मेंटेनेंस पूरा बता दिया है स्थिति यह है कि हर दिन बिजली सप्लाई प्रभावित हो रही है। सुबह से लेकर रात तक हर घंटे बिजली की ट्रिपिंग हो रही है। शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों में भी विद्युत की समस्याएं लगातार बरकरार है। विभागीय अधिकारियों का दावा था की बिजली की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी लेकिन समस्या हर दिन और भी बढ़ती जा रही है। सारंगढ़ के बरमकेला क्षेत्र मे लगातार कई बार ट्रिपिंग होने की समस्या बनी रही। जिससे विद्युत विभाग पर क्षेत्र के जनता काफ़ी आक्रोश हैं। बहरहाल विद्युत विभाग द्वारा मेन्टेनेंस कार्य के नाम पर भारी खर्च होने के बावजूद, उपभोक्ताओं को बिजली न मिलने का एक गंभीर मुद्दा है।

## विरोध करने पर जलावन लकड़ी से मारकर उतारा मौत के घाट

# आधीरात चोरी की नीयत से घर में घुसे अपराधियों ने की युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

घर में चोरी की नीयत से घुसे अपराधियों ने जलावन लकड़ी से वार कर युवक की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ग्रामीण के घर से पांच नग बकरा बकरी चोरी कर फरार हो गए। संभावना जताई जा रही चार से पांच बदमाश चार पहिया वाहन से चोरी करने आए थे और युवक से सामना होने पर उसकी हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस दवरा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

**खास बात**
- ग्राम गेरसा टोंगरीपारा की घटना, पांच बकरी भी ले गए साथ


थाने के बाहर मृतक के परिजन, इनसेट में मृतक।

बताया जा रहा है कि थाना के केरजू चौकी अंतर्गत ग्राम गेरसा टोंगरीपारा निवासी 45 वर्षीय रैदु आ. पंचम नागवंशी के घर गुरुवार की देर रात चार से पांच लोग चोरी की नीयत से घुस आए थे। अपराधी ग्रामीण के घर में बकरा बकरी की चोरी करने के लिए घुसे थे। इसी दौरान घर में घुसे चोरों की आवाज सुनकर रैदु उठ गया और उसका चोरों से समना हो गया। चोरों को देखकर ग्रामीण ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो अपराधियों ने घर में मौजूद जलावन लकड़ी से रैदु पर हमला कर दिया। इस दौरान शोर शराबा सुनकर युवक के बुजुर्ग माता-पिता भी बीच बचाव के लिए आए लेकिन आरोपियों ने रैदु के सिर पर लकड़ी से लगातार कई बार हमला किया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की हत्या करने के बाद आरोपी घर से पांच नग बकरा बकरी लेकर फरार हो गए। संभावना जताई जा रही है कि चोरी के लिए अपराधी चार पहिया वाहन सी आए थे और इस वारदात में चार से पांच लोग शामिल थे। हालांकी घटना के दौरान घर में दो अपराधी घुसे थे जबकि बाकी लोग घर के बाहर खड़े थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके स्थ ही मामले में बीएनएस की धारा 103, 332, 309,115(2), 351(2) 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दो दिन पहले भी घर मे घुसे थे लोग

बताया जा रहा है कि इस घटना के दो दिन पहले भी देर रात को अज्ञात लोग रैदु के घर में घुसे थे। इस दौरान उन्होंने रैदु पर अपनी पत्नी को छोड़ने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया था। मृतक के माता-पिता ने पुलिस को बताया कि जब रैदु हाथ मे टांगी पकड़कर जब बाहर निकला तब वे लोग वहां से भाग खड़े हुए थे। दरअसल रैदु की पत्नी काफी दिनों से ससुराल के बजाए ग्राम गेरसा ढोढ़ीडीपा में अपने मायके में रहने लगी थी। इनके दो बेटे है जो पिता के पास रहते थे पर घटना के दिन वो अपनी मां के पास चले गए थे। हत्या से दो दिन पहले इसी बात को लेकर आधी रात को अज्ञात लोगो ने रैदु के घर जाकर उसे पत्नी को लेकर धमकाया था। रैदु खेती किसानी के अलावा बकरी पालन के व्यवसाय से भी जुड़ा हुआ था।उसके घर मे हमेशा 40 से 50 की संख्या में बकरियां मौजूद रहती थी। जिससे उसकी अच्छी खासी आय हो जाती थी। इस बात की जानकारी बहुत लोगों को थी। ग्रामीणों का कहना है कि इस घटना में उन लोगों का हाथ है जिन्हें ये बात पता थी कि रैदु के घर मे ढेर सारी बकरियां है।



## तरबूज के खेत में फेंसिंग कर किया करंट प्रवाहित, युवक की मौत के बाद मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र के जमदेई ग्राम में स्थानीय युवक द्वारा लीज में जमीन लेकर उसमें किए जा रहे तरबूज की खेती को चोरों व जानवरों से बचाने कराए गए फेंसिंग में करेंट प्रवाहित कर देने से गांव का 37 वर्षीय चरवाहा की मौत हो जाने के बाद ग्रामीणों ने आज मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाने जमकर हंगामा मचाया। ग्रामीणों के उग्र रूप और प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद आरोपित के परिजनों द्वारा मृतक के परिवार को दाह संस्कार के लिए एक लाख रु नगद राशि दिए जाने के बाद मामला किसी तरह शांत हुआ। जिसके बाद पुलिस ने शव को पीएम पंचनामा के लिए अस्पताल भेजा है।

मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस घटना के दूसरे दिवस बड़े सबेरे चार बजे भोर बिना मृतक के परिजनो को सूचना दिए चुपचाप शव को उठवा पीएम के लिए अस्पताल ले जा रही थी जिसका स्थानीय लोगो ने विरोध कर शव वाहन को घंटों रोक पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा मचाया ।सूचना पर पहुंची प्रशासनिक टीम के हस्तक्षेप और आरोपी पक्ष के द्वारा मृतक के दाह संस्कार के लिए उसके परिवार को एक लाख रु मौके पर नगद दिया और प्रशासनिक टीम ने शासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया तब जाकर मामला शांत हुआ,और फिर शव को अस्पताल भेज पीएम पंचनामा के बाद परिजनो को सौंपा गया जहां देर शाम गमगीन माहौल में मृतक का स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया ।बताया जाता है कि मृतक बबल यादव पिता रामरति यादव 37 वर्ष निवासी पेंड्रखी जो अपने ससुराल जमदेई में घर जमाई रह वही गाय भैंस पाल छोटा मोटा दूध बेचने का काम कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है।बुधवार सात मई को वह भैंस चराने निकला था कि गांव के ही युवक शैलेन्द्र साहू द्वारा लीज में जमीन ले उसमें उसके द्वारा तरबूज की खेती की जा रही थी।तरबूज की खेती को चोरों और मवेशियों से बचाने लोहे की फेंसिंग कटीले तार में उसके द्वारा करंट बिछा दिया गया था।कल भैंस चराने के दौरान बबल यादव करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।घटना बुधवार शाम पांच छह बजे आसपास की बताई गई है।सूचना पर पहुंची पुलिस शाम होने के कारण और परिजनो के विरोध के कारण शव का उठाव नहीं कर सकी।पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया था।बताया जाता है घटना के बाद नाराज स्थानीय लोगो ने आरोपित की जमकर पिटाई कर दिया।

आरोप है कि सुबह करीब चार बजे जयनगर पुलिस चुपचाप शव को मौके से उठवा अस्पताल ला रही थी तभी ग्रामीणों ने मौके पर एकत्र हो पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर शव लोड वाहन को रोक लिया और पुलिस पर आरोपी को बचाने का आरोप लगा हंगामा करने लगे।घंटों चले हंगामा के बाद सूचना पर मौके पर मानी तहसीलदार प्रियंका रवि एसडीओपी अभिषेक पैकरा पहुंच हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझाया लेकिन वे पचास लाख की मुआवजा की मांग को लेकर हंगामा करते रहे।बाद में कई दौर के बातचीत के बाद एक लाख रुपये आरोपित पक्ष के द्वारा मृतक के परिवार को अंतिम संस्कार के लिए नगद दिए जाने और प्रशासन द्वारा अलग से मुआवजा राशि दिलाने के आश्वासन के बाद ग्रामीण माने और फिर शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा।

### रामनगर में बिना कनेक्शन के भेजा गया 9430 रुपए का बिजली बिल

**बिश्रामपुर।** बिजली विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। इस बार मामला है ग्राम रामनगर का जहां जागर सिंह पिता बसंत सिंह नामक ग्रामीण को बिना किसी बिजली कनेक्शन के 9430 रुपए का फर्जी बिजली बिल थमा दिया गया है। बिजली बिल क्रमांक 1003091535 पर जारी किया गया यह बिल न केवल हास्यास्पद है, बल्कि विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार का जीवंत उदाहरण भी बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला अकेला नहीं है, लेकिन जागर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाया गया है।पीड़ित जागर सिंह ने गहरी नाराज़गी जताते हुए कहा कि हम जैसे गरीब किसान के पास तो बिजली कनेक्शन ही नहीं है। घर में भाई के नाम पर ही विद्युत कनेक्शन है, उसी में हम साथ ही रहते हैं। मेरे द्वारा विद्युत कनेक्शन हेतु कोई आवेदन नहीं दिए जाने के बावजूद विभाग द्वारा 9430 रुपए का बिल थमा देना सीधे तौर पर मानसिक प्रताड़ना है।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग 9 को

अम्बिकापुर। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के द्वारा जारी पत्र के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जिला स्तर पर काउंसलिंग पश्चात विद्यालय आबंटित कर प्रवेश दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके फलस्वरूप विद्यालय आबंटन हेतु विद्यार्थियों की काउंसलिंग 9 से 14 मई तक समय प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक, संस्था-पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास एमजी रोड, पीजी कॉलेज के पास आयोजित है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की सूची सरगुजा जिले के वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। चयनित सभी विद्यार्थी एवं उनके पालकों को समस्त दस्तावेजों एवं आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ काउंसलिंग में उपस्थित होना होगा।

### अंजुमन गौसिया कमेटी सदर बने हाजी इदरीश खान

**लखनपुर।** गुरुवार को नगर के मस्जिद परिसर में अंजुमन गौसिया कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के लोगों द्वारा गौसिया कमेटी के सदर और नई कार्यकारिणी का गठन किया। इस दौरान सर्व सम्मति से कमेटी के सदर के रूप में हाजी इदरीश खान को चुना गया। इसके साथ ही सचिव नुसरत अली, हासिम खान, खजांची नुमान खान, मकसूद हैदर को मनोनित किया गया। वहीं कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नायब सदर हाजी इमदाद खान, अबरार खान, सोबारक खान मीडिया प्रवक्ता तैयब नूर, मौलाना हसन रजा, मेंबर सलीम उर्फ लड्डन इम्तियाज हुसैन, इरशाद खान, शमशेर आलम, लतीफ खान, जौहर अली, इकरार खान, नौशाद खान, सदाकत हुसैन, कार्यालय प्रभारी वसीम अहमद, संरक्षक हाजी अशरफ अली, हाजी खुर्शीद अली, हाजी अकबर अली, हाजी इशहाक खान, पूर्व सदर हाजी कयामुद्दीन अंसारी, शराफत अली, हाजी हकीकतउल्लाह, हाजी अमीन, जाकिर हुसैन, वजीर हैदर, नूरुल होदा, निजाम खान, पीर मोहम्मद, शाहनवाज, लियाकत अली, तरीकतउल्लाह, नईमुद्दीन, शहाबुद्दीन, कलीम व मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर सदर हाजी इदरीस खान ने समाज हित में कार्य करने की बात कही।

### पड़ौली बस्ती में दंतैल ने जमाया डेरा, ग्रामीणों में हड़कंप

**धौरपुर।** विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पड़ौली में दल से भटके एक दंतैल द्वारा पूरे दिन डेरा जमाए रहने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। गुरूवार को बलरामपुर से 25 हाथियों का दल भी चंदेश्वरपुर स्थित बाराझरिया जंगल में पहुंचा है। दंतैल को इसी दल का सदस्य बताया जा रहा है।



गुरूवार को सुबह 5 बजे ग्राम पंचायत पड़ोसी स्थित हाईस्कूल के पास आम के बगीचे में दंतैल को घूमता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। दंतैल बगीचे की झाड़ियों में पूरे दिन आराम करता रहा। बगीचे के चारो तरफ घनी आबादी है जिससे ग्रामीण काफी दहशत में है। दोपहर में दंतैल को खदेड़ने के उद्देश्य से कुछ युवा पास में पटाखा फोड़ रहे थे। तेज धमाके से आक्रोशित दंतैल बाहर निकल कर युवकों को दौड़ाने लगा। युवकों के भागने के बाद दंतैल वापस झाड़ियों की ओर चला गया। बलरामपुर में भ्रमण कर रहा 25 हाथियों का दल भी दोपहर में चंदेश्वरपुर के बाराझरिया जंगल पहुंचा है। वनकर्मी दंतैल को इसी दल का सदस्य बता रहे हैं तथा रात में दंतैल के चंदेश्वरपुर अथवा सखौली की ओर जाने की संभावना जताई जा रही है। हाथियों की निगरानी के लिए विभाग ने एक वनपाल को तैनात किया है। ग्रामीणों द्वारा पटाखा फोड़ने से आक्रोशित दंतैल ने एक पालतू सूअर को पटक कर जान ले ली है वहीं एक पेड़ को ढहा दिया है।

### सर्पदंश से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम मानी निवासी देव मुनिया पति रजिन्दर (30 वर्ष) बीती रात चार बच्चों के साथ घर के जमीन पर सो रही थी। जबकि पति पास के गांव चिकनी बारात में गया था। इसी दौरान देर रात महिला के उंगली को जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटने तथा भागते देख महिला ने घटना की जानकारी पति को दी। परिजन तत्काल घर पहुंच पत्नी को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया जहां चिकित्सकों मृत घोषित कर दिया।

## झुग्गी बस्ती में बिजली कनेक्शन काटने को लेकर विवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित झुग्गी बस्ती में उस समय हालात बेकाबू हो गए जब एसईसीएल बिश्रामपुर की त्रिपुरा बटालियन के सशस्त्र जवान, बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ कथित अवैध विद्युत कनेक्शन काटने पहुंचे थे।मौके पर पहुंचे जवानों और स्थानीय निवासियों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद मामला इतना बिगड़ गया कि बात हाथापाई तक जा पहुंची।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना और वैध दस्तावेज के विद्युत विच्छेदन के लिए पहुंचे एसईसीएल विद्युत विभाग के कर्मचारियों व त्रिपुरा बटालियन के सशस्त्र जवानों ने पार्षद संजीत यादव द्वारा पोस्ट ऑफिस के पीछे झुग्गी बस्ती में विद्युत कनेक्शन काटने संबंधी दस्तावेज मांगने पर जवानों द्वारा पार्षद संजीत यादव के साथ न सिर्फ अभद्र व्यवहार किया बल्कि धक्का-मुक्की और मारपीट भी कर दी गई है। आरोप यह भी है कि पार्षद के साथ विवाद होने उपरांत त्रिपुरा बटालियन के जवानों द्वारा स्थानीय लोगों के घरों में जबरन बलात प्रवेश कर वार्ड की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार कर मारपीट की गई है।

इस घटना के विरोध में वार्ड की बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा एकजुट होकर पार्षद के नेतृत्व में बिश्रामपुर थाना पहुंचे और आरोपित त्रिपुरा बटालियन क़े जवानों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई है।मामले में एसईसीएल सुरक्षा विभाग की तरफ से भी बिश्रामपुर थाना में पार्षद क़े विरुद्ध काउंटर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।उक्त शिकायत में पार्षद संजीत यादव पर जवानों को झूठे केस में फंसाने और उन्हें धमकाने का आरोप लगाया गया है। दोनों पक्षों की शिकायत मिलने पश्चात मामले की जांच बिश्रामपुर पुलिस द्वारा की जा रही है। इस घटनाक्रम से इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है।वहीं स्थानीय जनता ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो नगर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। थाने में वार्डवासियों के अलावा पूर्व नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व पार्षद दीप्ति स्वाई भी मौजूद रहे।

## तम्बाकू उत्पादों के उपयोग को हतोत्साहित करने की गई कार्यशाला

**अंबिकापुर।** तम्बाकू उत्पादों के उपयोग को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीईओ, एबीईओ हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला, जेडी शिक्षा हेमंत उपाध्याय शामिल हुए। इस दौरान सभी को तम्बाकू उत्पाद से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जानकारी प्रदान की गई। बता दें कि गुरुवार को राज्य में तम्बाकू उत्पादों के उपयोग एवं उपभोग को हतोत्साहित करने हेतु कोटपा 2003 के अनुपालन हेतु संभाग स्तर पर उक्त कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करने के लिए संभाग के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी का एक दिवसीय संभागीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अधिकारियों ने तम्बाकू उत्पादों से होने वाले प्रभाव जैसे कैंसर, नपुंसकता सहित अन्य बीमारियों की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता, ब्लूम बर्ग परियोजना के संभागीय समन्वयक प्रकाश श्रीवास्तव, द्वारा संभाग के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी-सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया।

## आधार में महिला की जन्म तिथि बदल कर हड़प ली बीमा की रकम

**रायगढ़।** खरसिया में महेन्द्र कर्मा बीमा योजना के तहत मिलने वाली बीमा राशि को धोखे से प्राप्त करने के लिए मृतका के दस्तावेजों में हेराफेरी करने वाले प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित खरसिया के प्रबंधक और मृत महिला के पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष कांत ने थाना खरसिया में शिकायत दर्ज कराई।



शिकायत के अनुसार ग्राम बेन्दोझरिया निवासी मृतका गायत्री बाई साहू का वास्तविक आधार कार्ड 1 जनवरी 1953 की जन्मतिथि दर्शाता है, जबकि बीमा दावे के लिए प्रस्तुत दस्तावेज में जन्मतिथि 01 जनवरी 1973 कर दी गई थी। बीमा योजना के तहत पात्रता की आयु सीमा को देखते हुए आरोपी प्रबंधक सुन्दरलाल साहू ने मृतका की आयु कम दिखाने के लिए उसके आधार कार्ड में डिजिटल रूप से छेड़छाड़ की और फिर गौरीशंकर साहू को लाभार्थी बनाकर महेन्द्र कर्मा बीमा योजना के तहत 2 लाख का बीमा लाभ दिलवाया। हैरानी की बात यह रही कि दावेदार गौरीशंकर के आधार कार्ड में भी जन्मतिथि 18 जून 1972 से बदलकर 18 जून 1992 कर दी गई, ताकि उसे मृतका का बेटा बताया जा सके।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी गौरीशंकर ने बीमा की राशि प्राप्त करने के बाद 70000 सुन्दरलाल को दिए थे। पूछताछ में दोनों ने आरोप स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद उनके कब्जे से फर्जीवाड़े में उपयोग किया गया लैपटॉप, प्रिंटर, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। मामले में थाना खरसिया में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## सुबह हुई आग की घटना

# स्टेशनरी दुकान में लगी आग, तीन ऑफसेट मशीन सहित एक करोड़ का सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के गुदरी चौक के समीप आज सुबह उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब अचानक एक प्रिंटर एण्ड स्टेशनरी दुकान में आग लग गई। लोग कुछ समय पाते इससे पहले ही आग पूरी दुकान में फैल गई। वहां दमकल टीम को आग पर काबू पाने के लिए दो वाहनों का सहारा लेना पड़ा। आगजनी से दुकान के तीन ऑफसेट मशीन सहित लगभग एक करोड़ के सामान जल कर खाक हो जाने की आशंका जताई जा रही है। इधर आसपास के लोगों ने आगजनी होने के पीछे शॉट-सर्किट होने की आशंका जताई है।


आग बुझाते दमकलकर्मी, इनसेट में जले ऑफसेट मशीन।

जानकारी के मुताबिक आज सुबह गुदरी चौक के समीप निवासी कुछ लोग टहल रहे थे। इसी दौरान गीता प्रिंटर्स एण्ड स्टेशनरी दुकान के भीतर से धुआं निकलते देखा। दुकान में आग लगने की आशंका पर लोगों ने दुकान संचालक जोड़ा पीपल समीप निवासी संजय सिन्हा सहित दमकल विभाग को घटना के संबंध में जानकारी दी। सूचना पर दुकान संचालक मौके पर पहुंचा तो दुकान में आग लगा देख उसके होश उड़ गए। दुकान के सामने संचालक समेत आसपास के लोग मौके पर पहुंच आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन देखते ही देखते आग वृहद रूप ले लिया। इधर सूचना पर दमकल व विद्युत विभाग सहित एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची।

### तीन ऑपसेट मशीन सहित जले प्रिंटिंग सामान

प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी दुकान में शादी कार्ड, निमंत्रण कार्ड, वाइंडिंग सहित प्रिंटिंग के कार्य होते है। प्रिंटिंग के लिए संचालक द्वारा दुकान में दो बड़े तथा एक मिनी ऑफसेट मशीन लगाया है। इसके अलावा स्क्रीन प्रिंटिंग के सामान रखे हुए थे। आगजनी से तीनों ऑपसेट मशीन के अलावा स्क्रीन प्रिंटिंग सहित रंग पेंट सहित बड़ी मात्रा में शादी कार्ड, कॉपी व रजिस्टर जलकर खाक हो गए। इस आगजनी से एक करोड़ का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आगजनी से वास्तविक कितने का नुकसान हुआ है इसका पता नहीं चल सका है।

### हो सकती थी बड़ी दुर्घटना

प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी दुकान में आग लगने से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। दुकान के बगल में ही एक निजी अस्पताल होने से कारण अस्पताल में भी अफरा तफरी की स्थिति बन गई। हालांकि अस्पताल के कर्मचारियों ने आग बुझाने के लिए पाइप निकाल कर प्रयास किया था। वहीं दमकल व एसडीआरएफ की टीम के मौके पर पहुंच जाने तथा एक घंटे के भीतर ही आग पर काबू पा लिया। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया होता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

### ऊपरी मंजिल तक पहुंच गया था आग

शॉट सर्किट से दुकान में आग लगने से आग ऊपरी मंजिल तक पहुंच चुकी थी। आग के भीषण होने से छत पर दरार पड़ गई थी। बताया जा रहा है कि ऊपरी मंजिल में दुकान संचालक का कागज का गोदाम था। गनीमत था कि आग कागज के बंडलों तक नहीं पहुंच और दमकल की टीम ने समय रहते ही आग पर काबू पा लिया। आग अगर गोदाम के कागज तक पहुंच जाती तो आग पर काबू पाना मुश्किल था और बड़ी घटना हो सकती थी।

9-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/9/2025 7:54 PM Page 1





# ब्रिगेडियर जोशी की भूमिका निभाएंगे जैकी श्रॉफ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं, लेकिन अब वह अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' में बतौर निर्देशक से चर्चा में हैं। अब अनुपम खेर ने बोमन ईरानी के बाद फिल्म में एक और दिग्गज एक्टर की एंट्री का खुलासा किया है। सुपरस्टार जैकी श्रॉफ फिल्म में ब्रिगेडियर जोशी की भूमिका में नजर आएंगे। साझा किए गए पोस्टर में जैकी श्रॉफ आर्मी ऑफिसर की भूमिका में दिख रहे हैं। निर्देशक अनुपम खेर ने यह पोस्ट साझा करते हुए अभिनेता जैकी श्रॉफ के लिए एक खास संदेश लिखा है। उन्होंने कहा, 'जैकी श्रॉफ मेरे भाई हैं, हमने न केवल कई फिल्मों में एक साथ काम किया है।

लाइफ Style



# निकिता


## हर जगह पर होते हैं फेक और रियल लोग

बॉलीवुड पर अक्सर ये इल्जाम लगते रहे हैं कि बॉलीवुड नकल करके कॉन्टेंट तैयार करता है। नेपोटिज्म के आरोपों से बॉलीवुड कई बार घिरा रहा है। आउटसाइडर्स को काम न मिलने पर और अगर काम मिला तो भी स्टार किड्स के बाद तवज्जो मिलने पर, बॉलीवुड को घेरा जाता रहा है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ज्वेल थीफ- द हाइस्ट बिगेन मूवी में सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ नजर आईं निकिता दत्ता इस बारे में क्या सोचती हैं। क्या निकिता दत्ता को भी बॉलीवुड फेक और चोर लगता है। इस बारे में निकिता दत्ता ने अपने विचार साझा किए हैं। क्या बॉलीवुड फेक है? इस सवाल पर निकिता दत्ता के फेस पर एक बड़ी सी स्माइल नजर आती है। सवाल के बदले में वो उल्टा सवाल करती हैं कि फेक आखिर कौन नहीं है। निकिता दत्ता का कहना है कि फेक और रियल लोग हर जगह पर होते हैं। कोई जगह ऐसी नहीं होती जहां सौ फीसदी जेनुविन लोग मिल सकें. उन्होंने आगे कहा कि बॉलीवुड पर अक्सर नेपोटिज्म के इल्जाम लगते रहे हैं। लेकिन उनका पर्सनल एक्सपीरियंस है कि बहुत से नेपो लोग बहुत अच्छे हैं और नॉन नेपो लोग बहुत बुरे हैं। कई बार ये एक्सपीरियंस उल्टा भी रहा है। निकिता दत्ता कहती हैं कि खामियां हर जगह है। इसलिए ये सही नहीं है कि पूरा बॉलीवुड ही कमियों से भरा है या फिर फेक है। क्या बॉलीवुड का कंटेंट चोरी का है? इस सवाल पर निकिता दत्ता का कहना है कि कंटेंट चुराना आज के जमाने में आसान नहीं है। लेकिन, आज जो भी काम होता है वो पहले के कामों से इंस्पायर है। निकिता दत्ता के मुकाबिक पुराने दौर के जो आर्टिस्ट रहे हैं या फिर क्रिएटर्स रहे हैं आज के सारे सितारे उन्हीं से इंस्पायर हैं।

हॉलीवुड मसाला



# कियानू रीव्स की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कियानू रीव्स की एक्शन थ्रलिर 'जॉन विक' के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। खूंखार हिटमैन की पर्दे पर वापसी होने वाली है। 'जॉन विक 5' को लेकर मेकर्स ने अपडेट जारी किया है। स्टेल्स्की ने फ्रेंचाइजी के फैंस से कहा है कि 'जॉन विक 5' का ट्रेलर ऐसा होगा, जिसे देखने के बाद लोग अपनी बेताबी रोक नहीं पाएंगे। यह फिल्म इसी साल 6 जून को वर्ल्डवाइड रिलीज होने वाली है। डायरेक्टर चैड स्टेल्स्की ने साफ शब्दों में कहा है कि वह कियानू रीव्स को एक बार फिर पर्दे पर 'जॉन विक' के रूप में लाने वाले हैं।




# साइमन पेग ने गिनाई 'मिशन इम्पॉसिबल' की हैरतअंगेज खूबियां

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों की सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी में से एक 'मिशन इम्पॉसिबल' की आखिरी कड़ी की रिलीज में अब सब 10 दिन ही बचे हैं। फिल्म के हीरो टॉम क्रूज के असली स्टंट्स के लिए महीनों से चर्चा में बनी हुई इस कड़ी की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल द फाइन रेकनिंग' में ही वह सबसे बड़ा राज खुलने वाला है जिसके पीछे एथन हंट ने अपने जीवन के करीब बीस साल लगा दिए हैं। और, इस पूरे सफर में अभिनेता टॉम क्रूज का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहे हैं अभिनेता साइमन पेग। सामयन कहते हैं, 'टॉम और मैक्यू हमेशा इस बात को लेकर स्पष्ट रहे हैं कि इस फिल्म फ्रेंचाइजी की कहानी को हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। हर बार एजेंट एथन हंट के लिए चुनौतियां बड़ी होती जाती हैं और हर बार ये कहानी भावनात्मक रूप से और गहरी होती जाती है।



# सोनम ने आनंद संग शेयर कीं एनिवर्सरी पर तस्वीरें

**मुंबई।** सोनम कपूर और आनंद आहूजा ने 8 मई 2018 को सात फेरे लिए थे। सात साल बाद सोनम ने उस शुरू हुए हसीन सफर को याद करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी हल्दी सेरेमनी से लेकर अपने बेबी वायु के होने तक के शानदार सफर को तस्वीरों के जरिए शेयर किया है। सोनम की इन खास तस्वीरों पर सेलेब्स लगातार कमेंट्स कर रहे हैं और उन्हें वेडिंग एनीवर्सरी की बधाई दे रहे हैं। सोनम कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी और आनंद आहूजा के अलावा बेटे वायु की भी खास तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सोनम ने अपनी हल्दी सेरेमनी, मेंहंदी, संगीत और शादी की शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इसके अलावा सोनम ने अपने बेटे वायु के साथ भी कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के जरिए सोनम ने शादी की सालगिरह पर अब तक का अपना पूरा सफर दिखाया है।



# निभाना चाहते हैं भगवान कृष्ण की भूमिका

**मुंबई।** आमिर खान लंबे समय से अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत के बारे में बात करते आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट उनके दिल के बहुत करीब है। उन्होंने बताया, 'महाभारत बनाना मेरा सपना है, लेकिन यह बहुत मुश्किल है।' इस महीने की शुरुआत में आमिर ने पुष्टि की कि महाभारत एक बड़ी फिल्म फ्रैंचाइजी होगी, जिसमें अलग-अलग निर्देशक अलग-अलग हिस्सों पर काम करेंगे। जब उनसे पूछा गया कि वह कौन सा किरदार निभाना चाहेंगे, तो उन्होंने कहा, 'मुझे भगवान कृष्ण का किरदार बहुत पसंद है। मैं उनसे बहुत प्रेरित हूं।' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अभी वे इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बोलना चाहते, क्योंकि यह बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। कास्टिंग के बारे में आमिर ने बताया कि हर किरदार के लिए सही अभिनेताओं का चयन किया जाएगा।

टीवी मसाला



# नील भट्ट से दरार के बीच ऐश्वर्या ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'गुम है किसी के प्यार में' से चर्चा में आए नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा की जोड़ी पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में है। चर्चा है कि इस रियल लाइफ कपल के रिश्ते में दरार आ गई है। साल 2021 में शादी करने वाले इस जोड़े ने रियलिटी शो बिग बॉस में भी साथ एंट्री ली थी, जहां दोनों की नोकझोंक ने खूब ध्यान खींचा। हाल ही में ये अफवाहें तेज हुईं कि नील और ऐश्वर्या अलग-अलग रह रहे हैं। इस पर अब ऐश्वर्या शर्मा ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में खुलकर जवाब दिया है। एक्ट्रेस ने कहा, 'हम सोशल मीडिया पर साथ में तस्वीरें शेयर नहीं कर रहे, इसका मतलब यह नहीं कि हमारे रिश्ते में कोई समस्या है। हां, हमारे झगड़े होते हैं हम दोनों ही एक्टर्स हैं और हमारे कॅरियर की दिशा अलग-अलग है, लेकिन हमने हमेशा एक-दूसरे का साथ दिया है।' रिश्ते में दरार की खबरों पर ऐश्वर्या ने साफ किया कि दूसरे कपल्स की तरह हमारे बीच भी कभी-कभी बहस होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हमारे बीच सब कुछ खत्म हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने मलाड में एक घर किराए पर लिया है, जिससे अफवाहों को और हवा मिली।

## एक्सीडेंट के बाद सामने आई पवनदीप की तस्वीर

**नई दिल्ली।** सिंगर पवनदीप राजन 5 मई की सुबह उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के पास एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। वह इस रास्ते से दिल्ली जा रहे थे, पवनदीप की कार गजरौला में हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। इस दुर्घटना में सिंगर बुरी तरह से घायल हुए। इस वक्त दिल्ली के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पवनदीप की टीम ने उनका हेल्थ अपडेट साझा किया। सोशल मीडिया पर सिंगर की ऑपरेशन के बाद की एक तस्वीर भी वायरल है। इसमें उनका चेहरा काफी बदला सा नजर आ रहा है। पवनदीप की टीम ने जो बयान जारी किया है उसमें कहा है, 'जैसा कि आप सब जानते हैं कि पवनदीप राजन 5 मई की सुबह मुरादाबाद, यूपी के पास एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए।



# 6 ब्लॉकबस्टर, 7 सुपरहिट और 36 हिट देने वाला सुपरस्टार, फिर भी लगाया फ्लॉप का अंबार



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक से एक हिट देने वाले कई हीरो हुए। एक सुपरस्टार धर्मेंद्र भी हैं। जिन्होंने सुपरहिट कॅरियर जीया। जिनके बड़ी बड़ी फिल्मों की बात करें और मोटा-मोटा हिसाब लगाए तो उन्होंने 6 ब्लॉकबस्टर, 7 सुपरहिट और 36 हिट फिल्में दीं। इस तरह वह बॉलीवुड के ही-मैन कहलाए धर्मेंद्र के करियर की पहली फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे थी। जो 1960 में रिलीज हुई। इस फिल्म के बाद वह ढेरों फिल्मों में नजर आए और इंडस्ट्री के सबसे हैंडसम स्टार के तौर पर छा गए थे। उन्होंने अपने कॅरियर में 50 से भी ज्यादा सुपरहिट फिल्म दी है। इस तरह वह इंडियन सिनेमा के बिगेस्ट सुपरस्टार भी कहलाते हैं। धर्मेंद्र का कॅरियर हमेशा चमकता रहा है। कभी राइटर से घिरे रहते तो कभी डायरेक्टर प्रोड्यूसर से। मगर एक वक्त ऐसा भी था जब उन्होंने जरूरत के लिए बी-ग्रेड फिल्में भी की। 200 से ज्यादा मूवीज में काम करने वाले धर्मेंद्र का हिट रहे 93 से भी ज्यादा का हिट का रहा है। धर्मेंद्र की पहली हिट डेब्यू के दो साल बाद 1962 में अनपढ़ थी। इसके बाद से साल 2011 तक बतौर लीड का सफर चलता रहा और चमला पगला दीवाना जैसी भी हिट फिल्म दी। कहने को आज भी धर्मेंद्र काम कर रहे हैं। साल 2023 में वह हिट फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी नजर आए थे, लेकिन अब वह सपोर्टिंग रोल में दिखते हैं। धर्मेंद्र ने अपनी टॉप फिल्मों की वजह से 25 सालों तक शीर्ष पर रहने का रिकॉर्ड कामयब किया।

# कोहली के 'लाइक' से बढ़ी अवनीत की लोकप्रियता

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक छोटा सा 'लाइक्स' कितना बड़ा तूफान ला सकता है यह हाल ही में अवनीत कौर और विराट कोहली के मामले ने दिखा दिया है। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अवनीत की एक इंस्टाग्राम पोस्ट को गलती से लाइक किया, जिसके बाद अभिनेत्री सुर्खियों में छा गईं। हालांकि, विराट ने इसे एल्गोरिदम की गलती बताकर सफाई दी, लेकिन इस वाकये ने 23 साल की अवनीत कौर की पॉपुलैरिटी को और बढ़ा दिया। पंजाब के जालंधर में 13 अक्टूबर 2001 को जन्म लेने वाली अवनीत कौर ने महज आठ साल की उम्र में मनोरंजन जगत में कदम रख दिया था। उन्होंने 2010 में 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स' से शुरुआत की, जहां उनकी प्रतिभा को खूब सराहा गया। इसके बाद उन्होंने 'मेरी मां', 'चंद्र नंदिनी', और 'अलादीन - नाम तो सुना होगा' जैसे टीवी सीरियल्स में काम किया। छोटे पर्दे पर उनकी लोकप्रियता ने उन्हें बड़े पर्दे का रास्ता दिखाया। अवनीत ने 2014 में रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में उन्होंने मीरा का किरदार निभाया, जो छोटा लेकिन प्रभावशाली था। इसके बाद 2017 में वह 'करीब करीब सिंगल' में एक छोटी सी भूमिका में दिखीं।





## एयर स्ट्राइक की खुशी को दोगुना करने के लिए देख सकते हैं ये फिल्में

# इन फिल्मों में भारत ने पाक को चटाई धूल; गर्व से चौड़ा हो जाएगा सीना

*नई दिल्ली। भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' की शुरुआत की और पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पाक) में 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इस ऑपरेशन में आतंकियों के कई बंकर और ठिकाने ध्वस्त किए गए. इस स्ट्राइक ने एक बार फिर भारतीयों को दिल खुश कर दिया है। अपनी इसी खुशी को दोगुना करने के लिए आप बॉलीवुड की वो 10 फिल्में देख सकते हैं, जिनमें भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाई, जिनको देखने के बाद आपका भी सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा।*



### बॉर्डर

'बॉर्डर' 1971 के भारत-पाक युद्ध की एक सच्ची घटना पर आधारित है। ये 120 भारतीय सैनिकों की कहानी है जो राजस्थान के लोंगेवाला पोस्ट पर रात भर डटे रहते हैं। दुश्मन की भारी फौज से लड़ते हुए वे सुबह तक का इंतजार करते हैं जब वायुसेना उनकी मदद के लिए आती है। ये फिल्म दिखाती है कि कम संख्या में होने के बावजूद हमारे जवानों का हौसला और जज्बा कितना मजबूत होता है।

### भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया

'भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया' की कहानी 1971 के भारत-पाक युद्ध की शुरुआत से जुड़ी है। जब दुश्मन के जहाजों ने भुज एयरबेस को तबाह कर दिया था, लेकिन फिर भी स्क्वाड्रन लीडर विजय कर्णिक ने हार नहीं मानी।

### लक्ष्य

'लक्ष्य' एक यंग लड़के की कहानी है जो बिना किसी लक्ष्य के जिंदगी जीता है। करण शेरगिल एक रईस परिवार से है और उसे नहीं पता कि वो जिंदगी में क्या करना चाहता है।

### उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक

'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 में उरी हमले के जवाब में की गई भारतीय सेना की कार्रवाई पर आधारित है। मेजर विहान सिंह शेरगिल इस मिशन का नेतृत्व करते हैं, जिसमें आतंकियों के खिलाफ गुप्त ऑपरेशन को अंजाम दिया जाता है।

### राजी

'राजी' एक महिला जासूस की कहानी है जो अपने देश के लिए हर खतरा उठाती है। सहमत खान नाम की ये लड़की एक पाकिस्तानी सेना अधिकारी से शादी करती है ताकि पाकिस्तान की खुफिया जानकारी भारत तक पहुंचा सके. ये सब उसके पिता की प्लानिंग के तहत होता है।

### शेरशाह

'शेरशाह' परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक साधारण सा नौजवान, जो बचपन से ही फौजी बनने का सपना देखता है, कैसे युद्ध के मैदान में जाकर असली हीरो बन जाता है।

### एलओसीः कारगिल

'एलओसीः कारगिल' फिल्म 1999 के कारगिल युद्ध पर आधारित है। इसमें भारतीय सैनिकों की बहादुरी और संघर्ष को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में कई अलग-अलग यूनिट्स और जवानों की कहानियां दिखाई गई हैं जो कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर दुश्मन से लड़ रहे होते हैं।

### द गाजी अटैक

'द गाजी अटैक' एक पानी के नीचे होने वाली जंग की कहानी है। इसमें दिखाया गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध होने ही वाला होता है, तभी पाकिस्तान की पनडुब्बी 'गाजी' गुपचुप तरीके से भारत के विशाखापत्तनम बंदरगाह पर हमला करने की योजना बनाती है।

### पिप्पा

'पिप्पा' कैप्टन बलराम सिंह मेहता की सच्ची कहानी पर आधारित है। ये फिल्म 1971 के युद्ध में भारत के पूर्वी मोर्चे की कहानी बताती है, जहां बलराम अपने भाइयों के साथ युद्ध में शामिल होते हैं। वे 45 कैवेलरी रेजिमेंट का हिस्सा होते हैं और एक खास टैंक जिसका नाम 'पिप्पा' होता है, उसमें बैठकर दुश्मन का सामना करते हैं।

### स्काय फोर्स

'स्काय फोर्स' फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान एयर वॉर पर आधारित है। ये भारत के पहले एयरस्ट्राइक की कहानी दिखाती है जो पाकिस्तान के सर्गोधा एयरबेस पर की गई थी. जैसे-जैसे दोनों देशों के बीच हवाई लड़ाई तेज होती है।

## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालय परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी

**बैकुण्ठपुर।** शैक्षणिक शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए प्राक्लन परीक्षा का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी है कि परीक्षा परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी/पलकों को सूचित किया जाता है कि मॉडल उत्तर का अवलोकन विभागीय वेबसाइट पर किया जा सकता है तथा उक्त संबंध में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास में 15 मई तक दावा आपत्ति जमा कर सकते है, निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### अग्निवीर सेना भर्ती के लिए प्रशिक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में अग्निपथ योजनांतर्गत अग्निवीर सेना भर्ती के आवेदकों के शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन पुलिस लाइन परेड ग्राउंड अनूपपुर में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को दौड़, बीम पुल अप, गड्ढ़ा कूदना और बैलेंसिंग बीम पर चलना जैसी चुनौतियों के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। विदित हो कि जिले में कुल 433 आवेदकों द्वारा अग्निवीर सेना भर्ती के लिए आवेदन किया गया है।

### आर्थिक सहायता के आहरण की दी मंजूरी

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जैतहरी निवासी श्रीमती दिव्या दान पति अविनाश को उपचार के लिए मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 20 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

### योजनाओं की हुई समीक्षा

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित प्रत्येक हितग्राही मूलक योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा पशुपालक किसानों को लाभान्वित किया जाए। विभागीय अधिकारी ग्रामीण स्तर पर शिविरों और जनसंपर्क के माध्यम से यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग की प्रत्येक योजना जैसे गोकुल मिशन, राष्टीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डेयरी विकास योजना आदि का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन हो। इसका लाभ पात्र किसानों एवं पशुपालकों तक पहुंचना चाहिए। कलेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पशु चिकित्सा अधिकारी (डॉक्टर) की पदस्थापना भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए तथा सुनियोजित रूप से ड्यूटी चार्ट तैयार कर कार्य का विभाजन किया जाए, जिससे पशु चिकित्सा सेवाएं व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकें। कलेक्टर श्री पंचोली कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में एपीसी की बैठक में पशु पालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किए।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)
//उद्घोषणा//
रा.प्र.क्र. /Q/ब-121/2024-25

सर्व साधारण ग्राम हल्दीबाड़ी चिरमिरी के समस्त नगरवासी / ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कमली बाई पति स्व. शोभनाथ निवासी वार्ड नं.-17 बघनच्चा दफाई हल्दीबाड़ी चिरमिरी थाना चिरमिरी तहसील चिरमिरी जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका पति शोभनाथ पिता महावीर का बचत खाता क्रमांक-1946324478 सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया हल्दीबाड़ी चिरमिरी में संचालित है। शोभनाथ की मृत्यु दिनांक 15/01/2025 को स्थान ग्राम जमीरा लुण्ड्रा जिला सरगुजा छ.ग. में हो चुकी है। आवेदिका पति स्व. शोभनाथ पिता महावीर के नाम का खाता सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा हल्दीबाड़ी चिरमिरी में उक्त खाता संचालित है तथा आवेदिका एवं स्व. शोभनाथ के दाम्पत्य जीवन से कोई पुत्र या पुत्री संतान नहीं है। उक्त खाते में नामनी का नाम अंकित नहीं होने से बैंक प्रबंधक द्वारा वंशवृक्ष तथा पति पत्नी का संबंध प्रमाण पत्र की मांग की गई है। खाते में जमा शेष राशि आहरण किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव ग्राम के किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 20/05/2025 तक अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। उक्त तिथि के बाद किसी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के शील मोहर के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

## कलेक्टर कार्यालय में सम्मान समारोह

# सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

**बैकुण्ठपुर।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 7 मई को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिले का समग्र परिणाम 92.42 प्रतिशत रहा। प्रदेश में हाई स्कूल परीक्षा में चतुर्थ और हायर सेकेंडरी परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हासिल करने वाले छात्रों का सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बैकुण्ठपुर में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के टॉप 5 छात्रों को सम्मानित किया। 10 वीं कक्षा में अक्षय सोनी ने 97.17 प्रतिशत, अंकिता साहू ने 95.33 प्रतिशत, अभय प्रखर और कृतिका राजवाड़े ने 94.83 प्रतिशत और शुभी राठौर ने 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी तरह 12 वीं कक्षा में तुषार कुमार ने 95.20 प्रतिशत, निकिता राजवाड़े ने 93.60 प्रतिशत, स्वाति सिंह, अर्चना प्रजापति और कृति सिंह ने 92.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने छात्रों से चर्चा करते हुए कहा कि यह सफलता केवल एक शुरूआत है। निरंतर प्रयास और समर्पण से आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों व पालको से कहा कि बच्चों के पढ़ाई के लिए सदैव उत्साह का वातावरण बनाए रखें।



सम्मानित होते विद्यार्थी

उन्होंने कहा कि जिन छात्रों का परीक्षा परिणाम मन मुताबिक नहीं आया हो वे विचलित न हो, बल्कि कड़ी मेहनत करें और आगे बढ़ें। उन्होंने शिक्षा विभाग और सभी शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि जिला प्रशासन छात्रों की आगे की पढ़ाई में हर संभव सहायता प्रदान करेगा। कलेक्टर ने गर्मियों की छुट्टियों में अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, ताकि आगामी पाठ्यक्रम की तैयारी की जा सके और आगामी सत्र में रिवीजन एवं रणनीति के साथ उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकें। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अरूण मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा के छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक, प्राचार्य और शिक्षक उपस्थित रहे।

### उत्कर्ष ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

बैकुण्ठपुर। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 7 मई को हाईस्कूल मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित किया। इसमें नगरपालिका बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 01 हर्रापारा निवासी उत्कर्ष ठाकुर ने 10 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी सफलता हासिल की। उत्कर्ष ने 600 अंकों में 507 अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रौशन किया। उत्कर्ष ने इस सफलता का श्रेय अपने माता सुनीता ठाकुर एवं पिता सुनील ठाकुर के मार्गदर्शन एवं गुरूजन को दी है।


उत्कर्ष ठाकुर

### सोनहत का शत-प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम


अंशिका यादव


कशिश


खुशबू

सोनहत। शासकीय कन्या हाईस्कूल सोनहत की 10 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम गौरवपूर्ण रहा है। इस वर्ष विद्यालय ने शत-प्रतिशत सफलता दर प्राप्त की, इससे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। विद्यालय की छात्रा अंशिका यादव ने 91.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं खुशबू ने 90.83 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। कुमारी कशिश ने 90.5 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका राजवाड़े ने सभी सफल छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने शिक्षकों एवं अभिभावकों के योगदान को भी सराहा, जिनके सहयोग से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो सका।

### विकासखंड का परीक्षा परिणाम 99.5 प्रतिशत

**सोनहत।** विकासखंड स्तर पर हाईस्कूल कक्षा 10 वीं और हायर सेकेंडरी कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम सत्र 2024-25 में उल्लेखनीय रूप से क्रमशः 99.5 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत रहा। यह सफलता विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन तथा शिक्षकों की लगन, मेहनत और कठिन परिश्रम का परिणाम है। लगातार तीसरे वर्ष विकासखंड के स्कूलों का परिणाम 95 प्रतिशत से अधिक आने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पालकों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं में गर्व की अनुभूति हो रही है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह ने बताया कि आगामी सत्र में विद्यालयों में अध्ययन से लेकर छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षण परिवेश प्रदान करने के लिए सतत प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग एकजुट होकर क्षेत्र को गौरवान्वित करने की दिशा में उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था के लिए निरंतर कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

## सलका स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

बैकुण्ठपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता अर्जित की है। विद्यालय के कुल 133 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और सभी सफल रहे। हायर सेकेंडरी विज्ञान संकाय से तुषार कुमार राजवाड़े ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कोरिया जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में मयंक कुमार बेक ने 82.6 प्रतिशत और कला संकाय में रीता राजवाड़े ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान और वाणिज्य संकाय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, जबकि कला संकाय में 20 विद्यार्थी प्रथम और 11 द्वितीय श्रेणी में सफल हुए। हाईस्कूल परीक्षा में रूपा ने 92.5 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। 72 परीक्षार्थियों में से 68 ने प्रथम और 4 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता पाई। विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का भी प्रदर्शन सराहनीय रहा। हायर सेकेंडरी में कुमारी निशु ने 60.6 प्रतिशत, हाईस्कूल में शोभित ने 70 प्रतिशत और कुमारी खुशबू ने 64.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। यह पहली बार है जब इस वर्ग के विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती शशिबाला खलखो, व्याख्याता सुशील जायसवाल ने इस सफलता का श्रेय समस्त स्टाफ, छात्रों के परिश्रम और अभिभावकों के सहयोग को दिया।



### न्यू लाइफ में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम




बैकुण्ठपुर। न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में बीएससी नर्सिंग कोर्स संचालित है। बीएससी नर्सिंग पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित कर दिया गया है। इसमें न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग पंचम सेमेस्टर के छात्राओं का परीक्षा परिणाम बहुत ही सराहनीय रहा है। सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिसमें छात्रा रेषमी साहू ने 75.7 प्रतिशत लेकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सुनीता अहिरवार 75.5 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान तथा अंजली यादव 74.2 प्रतिशत, शिलोचना 74.2 प्रतिशत लेकर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम ने महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

## केल्हारी के विद्यार्थियों का रहा शत प्रतिशत प्रदर्शन

**मनेन्द्रगढ़।** सपने वो नहीं जो नींद में आएं, सपने वो हैं जो नींद को चुराकर पूरे किए जाएं। इन्हीं पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय केल्हारी ने छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10 वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के सभी 10 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, इनमें से 4 छात्र प्रथम श्रेणी, 2 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। छात्रा चंचल साहू ने 600 में से 516 अंक प्राप्त करते हुए 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया और संस्था का गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार हिंदी माध्यम का परीक्षा परिणाम भी प्रेरणादायक रहा। कक्षा 10 वीं का परिणाम 78.68 प्रतिशत व कक्षा 12 वीं का परिणाम 75.75 प्रतिशत रहा। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पिताम्बर गुप्ता एवं संस्था के प्राचार्य आरसी नामदेव ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें आने वाले वर्षों में राज्य प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। संस्था के समर्पित शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए समिति अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी ने यह सिद्ध किया कि परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से हर लक्ष्य संभव है।




## दुर्घटनाग्रस्त बाइक मिली


सिटी कोतवाली अंतर्गत कचहरीपारा पीएचई ऑफिस के बगल में एक दुर्घटनाग्रस्त संदिग्ध बाइक कई दिनों से खड़ी है, जिसकी जानकारी सिटी कोतवाली पुलिस को दिए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को लेकर कई तरह की बातें सामने आ रही है। यहां के वार्ड पार्षद धीरज शिवहरे ने भी इसकी जानकारी थाने में दी हैं।

## रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के केन्द्रीय चिकित्सालय, मनेन्द्रगढ़ स्थित ब्लड बैंक में एक बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर में कुल 10 स्वेच्छा सेवी रक्तदाताओं ने भाग लिया। रक्तदान करने वालों में रविन्द्र महतो, मनोज डी. चौरसिया, शंभू, उदयभान सिंह, समीर खान, नरोत्तम शर्मा, श्रीमती निशा, सुमित अग्रवाल, प्रतीक गोयल और जिला जनसंपर्क विभाग से महेन्द्र सिंह मरपच्ची शामिल रहे। विशेष बात यह रही कि रक्तदाताओं में एक महिला, श्रीमती निशा ने भी हिस्सा लेकर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं रक्तदान के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले समाजसेवी सुमित अग्रवाल ने भी रक्तदान कर मानवीयता की मिसाल कायम की। ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. लवलेश गुप्ता ने बताया कि अब क्षेत्र में रक्तदान को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य नियमित रूप से जनजागरण कर लोगों को प्रेरित कर रहे हैं, इससे रक्तदान की भावना समाज में प्रबल हो रही है। रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन शैलेश जैन ने इस अवसर पर कहा कि जिले के नागरिकों द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल मानवता की मिसाल है बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता को भी नई दिशा प्रदान करता है।




## युंका व एनएसयूआई कार्यकर्ता गिरफ्तार


सुरजपुर। गुरूवार को मुख्यमंत्री के काफिले को काले झंडे दिखाने से पहले ही युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता गिरफ्तार कर लिए गए।

# दो युवकों से 20 लाख रूपए का नशीला इंजेक्शन और कफ सिरप बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में सरगुजा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 20 लाख रूपए का नशीला इंजेक्शन और कफ सिरप, मोबाइल फोन, वाहन जब्त किया है।

बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर नशे के कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 7 मई को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गांधीनगर पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने गंगापुर निवासी 36 वर्षीय पंकज गुप्ता आ. स्व. कमलेश गुप्ता के किराए के मकान का के किराए के मकान में छापा मारा तो आरोपी के घर की तलाशी में तीन प्लास्टिक कैरेट ट्रे व दो बैग, एक नग प्लास्टिक पॉलीथिन में 1725 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन एवं 310 नग नारकोटिक्स युक्त सिरप के साथ ही 36960 रूपए नगद, तीन नग मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी द्वारा नशे का सामान आस पास के क्षेत्रों में खपाए जाने की बात स्वीकार की।



पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 19 लाख रूपए का इंजेक्शन और कफ सिरप बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 22(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर गौरव कुमार पाण्डेय, सउनि विपिन कुमार तिवारी, महिला आरक्षक प्रिया रानी, आरक्षक अतुल सिंह, अरविन्द उपाध्याय, विकास सिंह, ऋषभ सिंह, धीरज सिंह, कसमुद्दीन अंसारी, सैनिक अनिल साहू, रौशन गुप्ता सक्रिय रहे।

### वाहन चेकिंग के दौरान पकडाया आरोपी

इसके साथ ही पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 7 मई को नशीले कफ सिरप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार चठिरमा बेरियर के समीप वाहन चेकिंग के दौरान स्कूटी क्रमांक सीजी 15 सीडब्ल्यू 7247 को रोकने का प्रयास किया गया तो युवक भागने लगा। पुलिस ने संदेह के आधार पर मायापुर ठनगनपारा निवासी 28 वर्षीय अनिल गुप्ता आ. शिवकुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर उसके पिट्ठू बैग की तलाशी ली तो उसमें से 20 नग प्रतिबंधित कफ सिरप मिला।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पण्डो छात्र रामदेव...

से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। प्रशासन रामदेव की आगे की पढ़ाई में हर संभव सहायता करेगा। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि जिले में प्रतिभावान छात्रों के लिए आवश्यक शैक्षणिक सामग्री एवं संसाधनों की व्यवस्था की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने रामदेव को गर्मियों की छुट्टियों मे अतिरिक्त कक्षाएं लेकर आगामी सत्र की तैयारी करने की सलाह दी। रामदेव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया और कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन के बिना यह संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि मैं एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी बनना चाहता हूं और अपने परिवार, समाज का गौरव बनना चाहता हूं।

online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त,11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन